Prevention of Corruption Act, 1988. The State Government is being pursuaded to restore the consents given earlier also.

सरकारी कर्मचारियों को पेंशन संबंधी दस्तावेज दिया जाना

1447. **श्री शिवप्रसाद चनपुरिया :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकारी कर्मचारियों को उनकी सेवा निवृत्ति के समय उन्हें पेंशन के दस्तावेज सौंपने की प्रक्रिया कब तक प्रारंभ की जाएगी ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) : अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति के सभी मामलों में सेवानिवृत्ति की तारीखों से पूर्व पेंशन भुगतान आदेश जारी करने के अनुदेश पहले ही विद्यमान हैं । पेंशन भुगतान के वर्तमान नियमों के अधीन पेंशन भुगतान आदेश पेंशनभोगी को पेंशन के प्रथम भुगतान के समय पेंशन वितरण कार्यालय द्वारा सौंपा जाना होता है । यह व्यवस्था सन्तोषजनक चल रही है तथा इस समय इसको संशोधित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

1448. [*Transferred to the 10th December,* 1991].

केन्द्रीय सिविल सेवा नियम

1449. **श्री अजीत जोगी :**

कुमारी आलिया :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उच्चतम न्यायालय द्वारा बहुत पहले रद्द कर दिए गए केंद्रीय सिविल सेवा (एसोशिएशन को मान्यता) नियम, पुनः बना दिए हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और ये नियम पुनः कब बनाए गए थे ; और

(ग) यदि नहीं तो क्या इन नियमों को बना दिए जाने की सम्भावना है ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) : (क) जी, नहीं ।

(ख) तथा (ग) नए मान्यता नियमों को अभी तक अन्तिम रूप नहीं दिया गया है, क्योंकि कतिपय मुद्दों के निहितार्थ व्यापक हैं और सरकार अंतिम रूप से अपना मत-निर्धारण नहीं कर पायी है । इन्हें अंतिम रूप शीघ्र दिए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं ।

Setting up of townships by Japanese Entrepreneurs

1450. SHRI S. MADHAVAN: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to allow the Japanese entrepreneurs to set up townships in India where they could live and work in an environment they prefer; and

(b) if so, the details in this regard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI H. R. BHARDWAJ): (a) The proposal to set up Industrial Model Town with the Japanese collaboration was discussed in the last meeting of the India Japan Study Committee held in November, 1990. A Sub-Committee under Chairman, EXIM Bank has been set up by India Japan Study Committee to consider the investment, technology transfer and feasibility aspect of setting up an Industrial Model Town. The basic objective of setting up IMT's is to promote the inflow of financial resources and technology.

(b) The Industrial Model Town would provide stable infra-structural facilities like electricity, communications, water supply etc.